सार-समाचार

डॉ. मीना का नशा मुक्ति पर व्याख्यान

करौली । राजकीय कन्या महा विद्यालय करौली में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत राज. सरकार द्वारा चलाए जा रहे नई किरण-नशा मुक्ति केंद्र में होने वाले व्याख्यान माला की श्रृंखला मे डॉ. प्रेमराज मीना मनोचिकित्सक ने छात्राओं के सम्मुख 'नशा एक अभिशाप, कारण एवं निवारण' विषय पर विस्तृत रूप से अपना प्रभावी व्याख्यान दिया। कन्या महाविद्यालय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ प्रेमराज मीना ने नशा नहीं करने के कर्म की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि युवाओं में नशे की लत बढ़ती जा रही है जिससे युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। लगभग 35 प्रतिशत युवा पीढ़ी विभिन्न प्रकार के नशे की आदि हो रही है। तम्बाकू, शराब, सिगरेट, गांजा भांग, अफीम, स्मैक आदि की शौकीया तौर पर बुरी संगत से हुई शुरुआत अंत मे नशे का आदि बना देती है। जिससे सामाजिक विघटन, पैसा, श्रम शक्ति, मान मर्यादा का हाश हो जाता है। डॉ.अदिति ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिन कर्म से युवाओं मे नशा करने की प्रवृत्ति बढ़ती है उन्हें जड़ से समाप्त करना होगा। इसके लिए पांच उपाय बताएं, दृढ़ संकल्प शक्ति, नशे के साथ वाले लोगों को छोड़ना, पारिवारिक और सामाजिक संबंध का सहारा, जरुरी उपचार और अंत में किसी भी परिस्थिति में नशे की आवृत्ति को प्रारंभ नहीं करना। साइकेट्रिक नर्स गौरव गोयल ने राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत अपने विचार रखें और युवाओं में बढ़ती हुई आत्महत्या की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए आत्महत्या के कारण और निवारण पर प्रकाश डाला। यदि किसी युवा के मन में कभी ऐसे कुछ बुरे विचार उठे तो उन्होंने 14416 नंबर पर कॉल कर परामर्श लेना चाहिए जो प्रतिदिन हर पल खुला रहता है इस पर प्रशिक्षित काउंसलर्स बैठते जो समस्या का तत्काल समाधान करते हैं। प्राचार्य प्रोफेसर जमनालाल मीणा ने नशा मुक्ति की ऐतिहासिक व्याख्या की। मंच संचालन प्रभारी ऋषि कुमार शर्मा ने किया। इस मौके पर डॉ. हरिकेश मीना, डॉ. अरविंद मीना, बहादुर सिंह मीणा, सुमेर सिंह मीणा, श्रीमती उमा, डॉ मंजू शर्मा, नेहा, रिंकी गुप्ता आदि उपस्थित थे।अंत मे सभी ने नशा मुक्ति की शपथ ली। छात्राओं ने करतल ध्वनि से कार्यक्रम समापन किया।

मांगलिक कार्य 2 से

गंगापुर सिटी । पंचांग गणना के अनुसार कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 1 नवंबर को सुबह 9रू13 बजे प्रारंभ होकर 2 नवंबर को सुबह 7.33 बजे तक रहेगी। इस आधार पर स्मार्त संप्रदाय के अनुयायी देवउठनी एकादशी का पर्व 1 नवंबर को मनाएंगे, जबकि वैष्णव संप्रदाय के श्रद्धालु 2 नवंबर को देवउठनी एकादशी एवं शालिग्राम तुलसी विवाह का आयोजन करेंगे। आचार्य अशोक शर्मा ने बताया कि 2 नवंबर को देवउठनी के साथ ही त्रिस्पर्श योग, सर्वार्थ सिद्धि योग एवं त्रिपुष्कर योग का संयोग रहेगा। इन शुभ योगों के कारण इस दिन से विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, यज्ञोपवीत संस्कार सहित अन्य मांगलिक कार्यों की शुरुआत मानी जाती है। इस अवसर पर धार्मिक स्थलों पर शहनाइयों की गूंज के साथ मांगलिक कार्यक्रमों की रौनक बढ़ेगी। विवाह के लिए शुभ मुहूर्त रू नवंबर माह में विवाह योग्य तिथियां 2, 22, 23, 24, 25, 27, 29 एवं 30 नवंबर है जबकि 4, 5 और 6 दिसंबर को ही शादी- विवाह मुहूर्त उपलब्ध रहेंगे। आचार्य के अनुसार 15 दिसंबर से 14 जनवरी 2026 तक धनु मलमास रहेगा। इस दौरान विवाह एवं अत्यंत मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। साथ ही 11 दिसंबर की रात्रि में शुक्र ग्रह अस्त हो जाएगा और लगभग 51 दिन तक अस्तावस्था में रहेगा। इसके बाद 1 फरवरी 2026 को शुक्र उदय होने पर पुनः शुभ मुहूर्त प्रारंभ होंगे। इस अवधि में 23 जनवरी 2026 को बसंत पंचमी का अबूझ मुहूर्त भी उपलब्ध रहेगा, जिसमें बिना पंचांग देखे विवाह संस्कार संपन्न किए जा सकते हैं।

झांकी से भावविभोर

गंगापुर सिटी । । शिवपुरी बी स्थित सर्वोदय स्कूल में रामचरण शर्मा मसावता वाले के सान्निध्य में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन कथा का वाचन कथा व्यास जगदीशाचार्य तलाबड्डा वाले द्वारा संगीतमय शैली में किया जा रहा है। कथा के चतुर्थ दिवस गुरुवार को श्रद्धालुओं ने भक्ति और उल्लास के साथ भगवान श्रीकृष्ण जन्म, नंदोत्सव, नामकरण, बाल-लीला, माखन चोरी, श्री दामोदर लीला, गोचारण, बरसाने की होली, गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग की झांकी के दिव्य प्रसंगों का रसपान किया। कथा यजमान सतीश गौतम, जिलाध्यक्ष गौतम ब्राह्मण प्रांतीय सभा ने बताया कि कथा स्थल पर रोजाना भगवान की विविध लीलाओं की झांकियां सजाई जा रही हैं। इन झांकियों में भक्ति और सौंदर्य का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि कथा में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित होकर भक्ति रस, प्रेम और अध्यात्म की गंगा में डुबकी लगा रहे हैं। हर दिन हरिनाम संकीर्तन, पुष्प वर्षा और संगीत की मधुर ध्वनियों से गूंज उठता है। कथा में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं।

गुड़ खिलाकर गौ पूजन

गंगापुर सिटी । कान्हा गौ-शाला चक छावा में गोपाल अष्टमी के शुभ अवसर पर प्रधानाध्यापक गोविन्द प्रसाद शर्मा व विद्यालय स्टाफ के द्वारा गौ-माताओं का गुड़ खिलाकर पूजन किया। इस शुभ अवसर पर शर्मा ने कहा कि इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने गौ-माता चराई थी इसलिए भगवान श्रीकृष्ण का नाम कामधेनु चरईया के नाम से भी जाने जाते है। इसलिए हमें गौ-माता की सेवा करनी चाहिए। गौ-माता की सेवा करने से स्वयं भगवान श्री कृष्ण खुश होते है। इस शुभ अवसर पर सचिव नरेश सिंह मीना ने कहा कि गौ-माता में 33 कोटि देवता निवास करते है। हम सभी को गौ-माता की सेवा निरूस्वार्थ भाव से करनी चाहिए ताकि गौ-माता की रक्षा हो सके। गोपाल अष्टमी के शुभ अवसर पर सुनीता मीना, आशीष गोड, मनीषा शर्मा, दिनेश कुमार मीना, कविता जायवाल समस्त सुरतपुरा विद्यालय स्टाफगण मौजूद रहे।

देव उठनी एकादशी पर बाल विवाह रोक के लिए विशेष रणनीति

■ विवाह आयोजनों में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर बाल विवाह मुक्त करौली अभियान का तीसरा चरण का शुभारंभ बाल कल्याण समिति कार्यालय में बैठक कर किया गया

करौली । देव उठनी एकादशी और अन्य विवाह आयोजनों के दौरान बाल विवाह की रोकथाम के लिए बाल विवाह मुक्त करौली अभियान के तीसरे फेज को लेकर बाल कल्याण समिति कार्यालय में बैठक आयोजित कि गई। जिला प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाल अधिकारिता विभाग एवं एक्शनएड यूनिसेफ करौली द्वारा जिलें में देव उठनी एकादशी एवं अन्य विवाह आयोजनों में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर बाल विवाह मुक्त करौली अभियान का तीसरा चरण का शुभारंभ बाल कल्याण समिति कार्यालय में बैठक कर किया गया।

एक्शनएड यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि बैठक बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता में की गई। जिसमें बाल विवाह मुक्त करौली अभियान के तीसरे चरण के तहत की जाने वाली गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक का उद्देश्य बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 जैसे कानूनों के बारे में आमजन जानकारी देने और कानूनों के उल्लंघन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करवाने, अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय समुदाय, धार्मिक नेताओं और स्वयंसेवकों को भी इस अभियान में शामिल किये जाने की रणनीति तैयार की गई। ताकि मिलकर बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को खत्म किया जा सके। बैठक में बाल कल्याण समिति सदस्य फजले अहमद ने बताया कि देव उठनी एकादशी जैसे शुभ अवसर पर विवाह आयोजनों के दौरान बाल विवाह के गंभीर परिणामों के बारे में समुदाय को जागरूक करना। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह को रोकने के लिए बनाए गए कानूनी नियमों और दंड के प्रावधानों को समझाना। बाल विवाह होते पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कानूनों के अनुसार तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करवाने के संबंध में सुझाव दियें। सदस्य दिलीप मीणा ने बताया कि बाल विवाह को रोकने के लिए समुदाय, माता-पिता, और धार्मिक नेताओं को एक साथ मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित करना। बाल विवाह को रोकने और सभी नागरिकों को जागरूक करने के लिए हर घर दस्तक जैसे विशेष अभियानों का शुभारंभ करने का सुझाव दिया। संरक्षण अधिकारी सविता शर्मा ने कहा कि संबंधित सरकारी अधिकारी, जैसे कि महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस और जिला एवं उपखंड प्रशासन के अधिकारियों को बैठकों में शामिल आमंत्रित करने एवं ठाम प्रधान, धार्मिक गुरु और अन्य प्रभावशाली सामाजिक नेताओं को भी बैठकों में आमंत्रित किया जाना चाहिए ताकि वे लोगों को जागरूक कर सकें।

चाइल्ड हेल्पलाइन टीम सदस्य पवन जागा ने कहा कि बैठकों के दौरान बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने वाली पैम्फलेट, पोस्टर और अन्य सामग्री वितरित की जानी चाहिए जिससे आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं कानूनी प्रावधानों के संबंध में जागरूक किया जा सकें। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के बारे में लोगों को सही जानकारी देने के लिए कानूनी विशेषज्ञों को भी शामिल किये जाने एवं बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल जैसी ऑनलाइन सुविधाओं के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही उन्होंने कहाँ हमें यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है।

नई छत डलवाने की मांग

गंगापुर सिटी । मजदूर संघ की मांग पर गंगापुर सिटी के 50 रेल आवासों की क्षतिग्रस्त छतों को दोबारा नई छत डलवाने का मंडल को प्रस्ताव भेजा जाएगा। पश्चिम मध्य रेलवे जोन की एकमात्र मान्यता प्राप्त यूनियन बेस्ट सेंटर रेलवे मजदूर संघ ने नोंन पेमेंट इनफॉर्मल मीटिंग में इस मुद्दे को उठाया। संघ प्रवक्ता वीएस गुर्जर नेए बताया कि वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ उप मंडल गंगापुर सिटी वर्ष की चतुर्थ नॉन पेमेंट मीटिंग सहायक मंडल अभियंता विवेक तिवारी के साथ आयोजित की गई। इसमें प्रमुख रूप से गंगापुर सिटी एवं रोड साइड स्टेशनों पर लगभग 50 रेल आवासो की छत क्षतिग्रस्त है। सहायक मंडल अभियंता एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर वर्क ने बताया किया कि नई छत डलवाने का प्रस्ताव अगले माह की प्रथम सप्ताह में मंडल को भेजा जाएगा।

इस दौरान बेस्ट रेलवे मजदूर संघ मंडल कोषाध्यक्ष डीके शर्मा केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य पीसी मीणा शाखा सचिव बलराम गुर्जर मुनेश माली राकेश गुर्जर असलम खान ऋषिकेश मीणा मौजूद थे।

दिवाली स्नेह मिलन समारोह मनाया

गंगापुर सिटी । राधारानी ग्रुप के तत्वाधान में गुरूवार को दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रुप से जुडी महिलाओ ने रंगोली सजा कर गणेशजी व लक्ष्मी जी के आगे दीप जला कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया। समाज सेविका अंजना रावत ने बताया कि इस दौरान सभी महिला सदस्यों ने एक दूसरे को दीपावली की बधाई देते हुए सुख समृधि की कामना की। वहीं इस दौरान कई प्रतियोगितिओ का आयोजन किया गया जिसमें ग्रुप की महिलाओं ने बढ चढ कर हिस्सा लिया। विजेता महिलाओं को पुरूष्कार दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मधु जैन, ज्योति गुप्ता, शिखा मोदी, बेबी महरवाल, सीता डंगायच, प्रीति अनीता अमेरिया, प्रिया डंगायच, निर्मला खारवाल, स्नेह डंगायच, गीता महरवाल, सीमा डांस, उषा डांस, मीनाक्षी खंडेलवाल, प्रीति मेठी कई महिलाएं उपस्थित रही।

7 फरवरी 2026 तक चलेगी एसआईआर की प्रक्रिया

करौली, (निंसं.) जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में बुधवार को भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना में एनआईसी कक्ष में वीसी के माध्यम से अधिकारियों की विशेष गहण पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोग के द्वारा की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि फेज-2 में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोग के निर्देशों की पालना में जिले में प्रारंभ होने जा रहा है, उन्होंने बताया कि जिले में 7 फरवरी 2026 तक एसआईआर की प्रक्रिया चलेगी।जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना में बताया कि 28 अक्टूबर से 3 नवबंर 2025 तक प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्र के मुद्रण का कार्य होगा। 4 नवबंर से 4 दिसंबर 2025 तक घर-घर गणना प्रपत्र के वितरण एवं संठाहण का कार्य होगा।

अच्छे अंक लाने पर दो छात्र-छात्राओं का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

■ नाटय प्रदर्शन प्रतियोगिता में लक्ष्मीबाई गुर्जर प्रथम

गंगापुर सिटी । बुधवार को ब्लॉक स्तरीय प्रबल कार्यक्रम के अन्तर्गत तीन प्रतियोगिताऐ, नाट्य प्रदर्शन, आशुभाषण भाषण, फोकस ग्रुप चर्चा का आयोजन पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर सिटी मे किया गया। राजकुमार उपाध्याय प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रबल कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लॉक के चालीस राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के अस्सी छात्र-छात्राओ ने भाग लिया। इनमे से नाट्य प्रदर्शन प्रतियोगिता मे लक्ष्मीबाई गुर्जर रा उ मा वि बुचोलाई प्रथम स्थान, अनिल कुमार सैनी नन्दपुरा द्वितीय स्थान, फोकस ग्रुप चर्चा प्रतियोगिता मे नादिर हुसैन जैतपुर प्रथम स्थान, पिंकी सैनी मालियो की चौकी द्वितीय स्थान , आशुभाषण भाषण प्रतियोगिता मे मोनिका कुनकटा कला प्रथम स्थान, कुमारी लाडो बालिका उ मा वि अस्पताल रोड गंगापुर द्वितीय स्थान पर रहे। उपरोक्त तीनो प्रतियोगिताओं मे सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दो छात्र-छात्राओ मोनिका रा उ मा विधालय कुनकटा कला और नादिर हुसैन रा उ मा वि जैतपुर का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया।

सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, और जिला स्तर के चयनित दोनो छात्र-छात्राओ को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह दिये गए और नगद पुरस्कार राशि उनके बचत खाते मे जमा कराई जायेगी। उक्त दोनों छात्र-छात्राए जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हनुमान गोयल अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गंगापुर रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार उपाध्याय प्रधानाचार्य ने की। निर्णायक मंडल मे हनुमान गोयल अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, कैलाश चन्द्र गुप्ता प्रधानाचार्य रा उ मा वि पीलोदा , महेंद्र गुर्जर व्याख्याता तथा दो- दो छात्र-छात्राए रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर रामप्रसाद बैरवा, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वितीय गंगापुर द्वारा पुरस्कार वितरित किये गए। कार्यक्रम मे मंच संचालन रूपसिंह मीना उप प्रधानाचार्य द्वारा किया गया। सभी छात्र-छात्राओ और उनके साथ आये सभी शिक्षक- शिक्षकाओ को अल्पाहार और भोजन करवाया गया। प्रतियोगिताओ के सफल संचालन मे भरतलाल बैरबा प्रबल कार्यक्रम प्रभारी, मुकेश मीना, अखिलेश मीना, जितेंद्र गर्ग, मन्टुलाल मीना, धर्मेन्द्र गुप्ता, भरतलाल बैरबा विद्यालय प्रभारी,कर्णफूल मीना वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक का सराहनीय सहयोग रहा।

'राम जैसा जीवन और कृष्णा जैसा व्यवहार ही मानव जीवन का सार'

गंगापुर सिटी । नहर रोड स्थित कुशालगढ़ श्याम मंदिर प्रांगण में चल रही भागवत कथा में भक्ति रस बरस रहा है। श्री श्याम सेवा धाम समिति के अध्यक्ष राजेंद्र दुसाद ने बताया कि कथा में लोगों को न केवल भक्ति रस अपितु मानव जीवन को सुखमय बनाने वाले भागवत के सूत्र भी प्राप्त हो रहे। व्यास जी पूर्ण भक्ति भाव से कथा कह भी रहे हैं और समझा भी रहे हैं। कथा व्यास आचार्य अशोक दीक्षित ने आज सूर्यवंश के महान चरित्रवान राजाओं के चरित्र के साथ भाव विभोर होकर राम कथा का वर्णन किया। आज रामचरित्र सुनते हुए कहा कि यदि व्यक्ति को शत्रु रहित और सफलतम जीवन बनाना है तो उसे भगवान राम की तरह आचरण करना होगा और भगवान कृष्ण की तरह व्यवहार करना होगा। भगवान राम हर जीव और संबंधी के प्रति व्यवहार और मर्यादा के मूर्तिमान आदर्श है। हर हाल में सुखी व शांत कैसे रहा जाता है ऐसा सकारात्मक विचार और दृष्टिकोण भगवान राम से प्राप्त होता है। राजा अंबरीष के प्रसंग में बताया कि हमें ढोंगी, भयभीत करने वाले, पाखंडी, भक्ति में बाधक, व अपनी विद्या का दुरुपयोग करने वाले साधु व विद्वानों के रूप वाले लोगों से सावधान रहना होगा, केवल ईश्वर पर ही भरोसा कर, अपने प्रारब्ध का दोषी किसी अन्य को न मानकर उचित पुरुषार्थ ही करना होगा।

तिलकर सभापति बने

सवाईमाधोपुर । वार्ड नंबर 14 के वार्ड पार्षद सुनील कुमार तिलकर को सवाईमाधोपुर नगर परिषद का सभापति बनाया गया। स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक एवं विशिष्ठ सचिव जुईकर प्रतीक चंद्रशेखर ने गुरुवार को तिलकर के सभापति के आदेश जारी किए। सुनील तिलकर को आगामी 60 दिवस तक के लिए सभापति नियुक्त किया गया। तिलकर को दूसरी बार सभापति की जिम्मेदारी मिली है। पूर्व में भी 4 जून 2024 से 15 दिसम्बर 2024 तक सभापति रहे चुके है। सभापति सुनील तिलकर ने कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा का आभार जताया। सभापति बनने पर नगर परिषद के पार्षद और क्षेत्र के लोगों ने तिलकर को इस नियुक्ति के लिए बधाई एवं शुभकामनायें दी।

गोपाष्टमी पर गौ संरक्षण पर जोर

गंगापुर सिटी । उपखण्ड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में गोपाष्टमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न गोशालाओं में कई धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्री गोपाल गोशाला समिति दशहरा मैदान द्वारा गोपाल गोशाला में गोपाष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष विजय गोयल ने बताया कि सुबह 8 बजे गो-पूजन के बाद हवन यज्ञ किया गया। बडी संख्या में गो-भक्तों ने गोशाला पहुंचकर गायों की पूजा की और परिवार की खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। महिला-पुरुषों ने गायों को हरा चारा और गुड खिलाया। इस दौरान वक्ताओं ने गो-संवर्धन और संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने की बात कही और बताया कि गाय में सभी देवी-देवताओं का वास होता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी गाय के उत्पादों को कई असाध्य रोगों में लाभकारी माना जाता है। इस अवसर पर ओमप्रकाश पीएनबी, कृपाशंकर उपाध्याय, मुकुल जगवानी, महेश शर्मा, अरविंद एडवोकेट, बलीराम भौड, आचार्य मनु शर्मा और रामगोपाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।इसी कड़ी में नहर रोड स्थित गोपाल गोशाला में आचार्य पं. अशोक दीक्षित के नेतृत्व में गो-भक्तों ने गायों की पूजा-अर्चना की और उन्हें हरा चारा व गुड खिलाया। दौलतपुर में 108 फुटीय हनुमान गोशाला में भी गोपाष्टमी महोत्सव मनाया गया। यहां अध्यक्ष प्रसन्न कुमार सुराणा के अनुसार, गोशाला पदाधिकारियों और गो-सेवकों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर गायों को हरा चारा, रोटी और लापसी खिलाकर पुण्य लाभ लिया। यहां भी गोवंश के संरक्षण और संवर्धन पर बल दिया गया। नित्य ग्रो ग्रास सेवा प्रकल्प ने भी गोपाष्टमी महोत्सव मनाया। प्रकल्प से जुडे सदस्यों और पदाधिकारियों ने शहर में निर्धारित स्थानों पर निराश्रित गोवंश के लिए हरा चारा और गुड़ की व्यवस्था की। ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि बडी संख्या में लोगों ने गायों की पूजा कर धर्मलाभ लिया। यह सेवा ग्रो-ग्रास द्वारा पिछले लगभग 38 महीनों से लगातार की जा रही है। वहीं डूंगरी वाले बालाजी छावा की बगीची स्थित श्री श्याम गौशाला पर भी गायो का पूजन कर हवन यज्ञ पंडित लोकेश शर्मा के सानिध्य में वैदिक मंत्रोचार के साथ किया गया।

अग्रवाल महिला संगठन ने दिवाली मिलन समारोह मनाया

गंगापुर सिटी । जिला अग्रवाल महिला संगठन और अग्रवाल महिला सेवा समिति ने संयुक्त रूप से अग्रवाल धर्मशाला में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रेखा गर्ग ने की, जबकि संचालन अग्रवाल महिला सेवा समिति की अध्यक्ष पदमा अग्रवाल के नेतृत्व में हुआ। समारोह का शुभारंभ प्रदेश संस्कृत मंत्री सरोज गर्ग और जिला अध्यक्ष गोविंद बरनाला ने अग्रसेन, लक्ष्मी और गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समिति की महामंत्री रीना खन्ना ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत राम दरबार की आरती से हुई, जिसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और लक्ष्मी जी की आरती की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान जी की झांकी प्रस्तुत की गई। इसमें ममता अग्रवाल ने राम, रति सिंगल ने सीता, सुनीता आर्य ने लक्ष्मण और प्रियंका अग्रवाल ने हनुमान जी की भूमिका निभाई।

समारोह में महिलाओं ने भक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। देवल अग्रवाल ने राम आएंगे, राम आएंगे गीत पर प्रस्तुति दी। अंजू मालदानी, सीमा सिंगल, कमलेश अग्रवाल, चंचल गुप्ता और सुनीता सहित अन्य महिलाओं ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष गोविंद बरनाला ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं की एकता और सामाजिक सहभागिता के प्रतीक हैं। उन्होंने जोर दिया कि त्योहारों को पारंपरिक रूप से मनाने से नई पीढ़ी को संस्कृति और मूल्यों से जुड़ने का अवसर मिलता है, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम के समापन के बाद शिप्रा गोयल की ओर से सभी उपस्थित महिलाओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी।

समारोह में अग्रवाल महिला सेवा समिति की कोषाध्यक्ष साक्षी अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष संजना मित्तल, तहसील अध्यक्ष सुमन आर्य, अग्रवाल महिला मंडल मिर्जापुर अध्यक्ष उषा गुप्ता, हंस जिंदल, लक्ष्मी गुप्ता, सीता सिंगल, सरला गुप्ता, राजेश मित्तल, माया गुप्ता, हेमलता अग्रवाल, उषा जिंदल, कृष्ण गुप्ता, इंदिरा, कमलेश, मधु भंडारी, माधवी, मिथिलेश, प्रेरणा और प्रतिभा सहित लगभग 70 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।